भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

भूमि संसाधन विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 1455

दिनांक 07 दिसंबर, 2021 को उत्तरार्थ

**उत्तर प्रदेश में डिजीटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम**

**1455. श्री अरुण कुमार सागरः**

**श्री अशोक कुमार रावतः**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के मिश्रिख और शाहजहाँपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के तहत कार्य किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, विशेष रूप से उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों सहित उत्तर प्रदेश में आज की तिथि में अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) गत तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान केंद्रीय निधि के आवंटन तथा उक्त निधियों के उपयोग का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) और (ख) जी, हां। राष्ट्रीय भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (एनएलआरएमपी) को दिनांक 21.08.2008 को एक केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम के रूप में मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था, जिसका बाद में डिजिटल इंडिया पहल के तहत नवीकरण किया गया और इसे डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) का नाम दिया गया और दिनांक 1 अप्रैल, 2016 से केंद्र सरकार द्वारा शत प्रतिशत वित्तपोषण के साथ एक केन्द्रीय क्षेत्रीय स्कीम के रूप में इसका कार्यान्वयन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के विभिन्न घटकों में राष्ट्रीय स्तर पर पर्याप्त प्रगति प्राप्त की गई है जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है (03.12.2021 की स्थिति के अनुसार)।

| क्र.सं. | घटक | यूनिट | कुल | पूरा किया गया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अधिकारों के अभिलेखों (आरओआर) का कंप्यूटरीकरण | ग्रामों की संख्या | 6,56,122 | 6,01,145(91.62%) |
| 2 | भूकर मानचित्रों/एफ़एमबी का डिजिटलीकरण | मानचित्रों की संख्या | 1,62,55,467 | 1,10,94,353(68.25%) |
| 3 | आरओआर के साथ मानचित्रों का संयोजन | ग्रामों की संख्या | 6,56,122 | 3,45,123(52.60%) |
| 4 | एसआरओ का कंप्यूटरीकरण | एसआरओ की संख्या | 5,221 | 4,883(93.53%) |
| 5 | एसआरओ और राजस्व कार्यालय का एकीकरण | एसआरओ की संख्या | 5,225 | 3,983(76.09%) |
| 6 | आधुनिक अभिलेख कक्षों की स्थापना | तहसीलों की संख्या | 6,712 | 2,508(37.36%) |
| 7 | सर्वेक्षण/पुनः सर्वेक्षण | ग्रामों की संख्या | 6,56,122 | 7,45,43(11.36%) |

जहां तक उत्तर प्रदेश का संबंध है, मिश्रिख और शाहजहांपुर संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र सहित राज्य की वास्तविक प्रगति **अनुबंध-I** में दी गई है।

(ग) डीआईएलआरएमपी के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आवंटित केंद्रीय निधियों के ब्यौरे **अनुबंध-II** में दिए गए हैं।

****

अनुबंध-I

**लोकसभा में दिनांक 07.12.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1455 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**मिश्रिख और शाहजहांपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों सहित उत्तर प्रदेश में डीआईएलआरएमपी के तहत वास्तविक प्रगति**

| | उत्तर प्रदेश | | | | मिश्रिख संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | | | | | | शाहजहांपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | हरदोई | | सीतापुर | | कानपुर नगर | | | |
| क्र. सं. | घटक | यूनिट | कुल | पूरा किया गया | कुल | पूरा किया गया | कुल | पूरा किया गया | कुल | पूरा किया गया | कुल | पूरा किया गया |
| 1 | अधिकारों के अभिलेखों (आरओआर) का कंप्यूटरीकरण | ग्रामों की संख्या | 109,079 | 104,996 (96.26%) | 2,075 | 1,914 (92.24%) | 2,379 | 2,362 (99.29%) | 1,106 | 1,075 (97.20%) | 1,609 | 1,572 (97.70%) |
| 2 | भूकर मानचित्रों/ एफ़एमबी का डिजिटलीकरण | संख्या | 105,752 | 36,875 (34.87%) | 2,744 | 1,933 (70.44%) | 2,823 | 992 (35.14%) | 557 | 552 (99.10%) | 1,951 | 0(0%) |
| 3 | आरओआर के साथ मानचित्रों का संयोजन | ग्रामों की संख्या | 109,079 | 31,6972 (29.05%) | 2744 | 1,024 (49.35%) | 2823 | 1127 (45.35%) | 557 | 234 (21.16%) | 1951 | 1 (0.04%) |
| 4 | एसआरओ का कंप्यूटरीकरण | एसआरओ की संख्या | 363 | 362 (99.72%) | 5 | 5(100%) | 6 | 6 (100%) | 6 | 6 (100%) | 4 | 4 (100%) |
| 5 | एसआरओ और राजस्व कार्यालय का एकीकरण | एसआरओ की संख्या | 363 | 178 (49.03%) | 5 | 3(60%) | 6 | 6 (100%) | 6 | 2 (33.33%) | 4 | 0(0%) |
| 6 | आधुनिक अभिलेख कक्षों की स्थापना | तहसीलों की संख्या | 343 | 1 (0.29%) | 5 | 0(0%) | 7 | 0(0%) | 4 | 0(0%) | 4 | 0(0%) |
| 7 | सर्वेक्षण/पुनः सर्वेक्षण | ग्रामों की संख्या | 109,079 | 10 (0.01%) | 2034 | 0(0%) | 1999 | 9(0.45%) | 862 | 0(0%) | 1595 | 0(0%) |

**लोकसभा में दिनांक 07.12.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1455 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| डीआईएलआरएमपी के तहत आवंटित केंद्रीय निधियों का ब्यौरा (रु. लाख में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वर्ष | | | कुल अव्ययित शेष |
| | | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | |
| | | जारी निधियां | जारी निधियां | जारी निधियां | (रु. लाख में) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 0 | | 6851.65 | 6890.97 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | | 23.52 | 380.27 |
| 3 | असम | 0 | | 1021.2 | 717.73 |
| 4 | बिहार | 0 | | 264.74 | 1090.11 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 0 | | 1106.85 | 859.23 |
| 6 | गुजरात | 0 | | 94.52 | 259.87 |
| 7 | गोवा | 0 | | 23.52 | 185.52 |
| 8 | हरियाणा | 0 | | | 1482.18 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 657 | 606.56 | 3354.72 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 30 | | 1206.08 | 1579.65 |
| 11 | झारखंड | 1140 | | 2525.51 | 1429.53 |
| 12 | कर्नाटक | 0 | | | 2451.2 |
| 13 | केरल | 490.81 | | | 588.058 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 0 | | 3089.77 | 2663.27 |
| 15 | महाराष्ट्र | 0 | | 34.2 | 3091.02 |
| 16 | मणिपुर | 0 | 500 | 77.81 | 577.81 |
| 17 | मेघालय | 0 | | | 545.67 |
| 18 | मिजोरम | 0 | 32.74 | 497.61 | 233.184 |
| 19 | नागालैंड | 0 | | | 0.62 |
| 20 | ओडिशा | 0 | | 2500 | 5528.15 |
| 21 | पंजाब | 0 | | | 197.26 |
| 22 | राजस्थान | 1500 | 323.22 | 1752.75 | 4521.71 |
| 23 | सिक्किम | 93.21 | | | 24.8 |
| 24 | तमिलनाडु | 1035 | 153.34 | 162.5 | 757.44 |
| 25 | तेलंगाना | 0 | | | 8119.36 |
| 26 | त्रिपुरा | 0 | | | 538.07 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 2325 | | 53.52 | 2794.733 |
| 28 | उत्तराखंड | 0 | 2162.02 | | 2162.02 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 0 | | 337.5 | 286.49 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | | | 100 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 31 | चंडीगढ़ | 0 | | 19.6 | 19.6 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली | 0 | | | 22.29 |
| 33 | दिल्ली | 0 | | | 0 |
| 34 | दमन और दीव | | | | 9.72 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 | | | 58.41 |
| 36 | पुडुचेरी | 0 | | | 136 |
| 37 | लद्दाख | | | | 0 |
| 38 | विविध | 195.63 | 549 | 264.7 | 0 |
| | कुल | **6809.65** | **4377.32** | **22514.11** | **53656.67** |